
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

29 मार्च 2025

Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

एक महान व्यक्ति अपनी कथनी से कम,

करनी से ज्यादा जाना जाता है।

कन्फ्यूशियस



राकेश कुमार

Teachers of Bihar
The Change Makers
Email us : teachersofbihar@gmail.com

# दिवस ज्ञान

**29 मार्च**

Gyan Drishti
Diwas Gyan

विक्रम संवत् 2081, चैत्र माह, कृष्ण पक्ष, अमावस्या तिथि, शनिवार 29 मार्च 2025

संपादक – शशिधर उज्ज्वल मोबाइल न0– 7004859938 email : ujjawal.shashidhar007@gmail.com

## आज का विचार

"शिक्षित समाज ही सभ्यताओं का श्रृंगार करता है।"

"An educated society is the adornment of civilizations."

DIWAS GYAN

## आज के दिन

1857– मंगलपांडे ने ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ बगावत का बिगुल फूंका था।

1982 – तेलुगु देशम पार्टी (भारत क्षेत्रीय राजनीतिक पार्टी) एन.टी. रामाराव द्वारा स्थापित किया गया।

## सुरक्षित शनिवार

(पांचवां शनिवार)

स्वच्छता संबंधी जानकारी

1. **मंगल पांडेय का विद्रोह**– 29 मार्च, 1857 ई. को मंगल पांडे ने अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ विद्रोह की पहली चिंगारी सुलगाई थी। जो देखते ही देखते पूरे दे"ा में आजादी की ज्वाला में बदल गई। बंगाल की बैरकपुर छावनी में 34वीं बंगाल नेटिव इन्फैट्री के मंगल पांडे ने परेड ग्राउंड में मंगल पांडेय ने एनफील्ड राइफलों में प्रयुक्त होने वाले गाय की चर्बी लगे कारतूसों को मूँह से काटने से इनकार कर अपने अंग्रेज अफसरों की हुक्म न मानकर विद्रोह की शुरूआत कर दी और दो अंग्रेज अफसरों पर हमला कर दिया।
   - संदर्भः अतीत से वर्तमान भाग 3, अध्याय 6, पृष्ठ 89 के संदर्भ में चर्चा करें।

2. **बहादुरशाह जफ़र को देश निकाला सजा** – बहादुर"ाह जफर द्वितीय को 29 मार्च, 1857 ई. की क्रांति में भागीदारी का दोषी पाया गया। मुगल बादशाह बहादुरशाह जफ़र के बेटों को उनके सामने ही गोली मार दी गयी और अंग्रेज सरकार ने उन्हें देश निकाला देकर रंगून भेज दिया जहां 1862ई. में उनकी मृत्यु हो गई।
   - संदर्भः अतीत से वर्तमान भाग 3, अध्याय 6, पृष्ठ 95 के संदर्भ में चर्चा करें।

## वर दे वीणावादिनी...

वर दे! वीणावादिनी वर दे! × 2
प्रिय स्वतंत्र रव अमृत मंत्र नव
भारत में भर दे,
वर दे! वीणावादिनी वर दे! × 2

काट अंध उर के बंधन स्तर
बहा जननी ज्योतिर्मय निर्झर
कलुश भेदतम हर प्रकाश भर
जगमग जग कर दे,
वर दे! वीणावादिनी वर दे! × 2

नवगति नव लय ताल छंद नव
नवलकंठ नव जलद मंत्र नव
नव नभ के नव विहग वृंद को
नव पर नव स्वर दे,
वर दे! वीणावादिनी वर दे! × 2

– सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला

# दिवस विशेष

29 मार्च

मधु प्रिया

## मंगल पांडे का विद्रोह 29 मार्च



अंग्रेजों के खिलाफ सिर उठाने वाले भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के पहले क्रांतिकारी के तौर पर विख्यात मंगल पांडे ने पहली बार 'मारो फिरंगी को' का नारा देकर भारतीयों का हौसला बढ़ाया था। उनके विद्रोह से ही प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआत हुई थी। 29 मार्च 1857 को मंगल पांडे ने अंग्रेजों के खिलाफ मोर्चा खोला था। उन्होंने कलकत्ता के पास बैरकपुर परेड मैदान में रेजीमेंड के अफसर पर हमला कर उसे घायल कर दिया था। उन्हें ऐसा महसूस हुआ था कि यूरोपीय सैनिक भारतीय सैनिकों को मारने आ रहे हैं। उसके बाद उन्होंने ये कदम उठाया था। वे ईस्ट इंडिया कंपनी में सैनिक के तौर पर भर्ती हुए थे। लेकिन बाद में उन्होंने ब्रिटिश अधिकारियों के भारतीयों के ऊपर अत्याचार को देखकर अंग्रेजों के खिलाफ सिर उठाया। कहा जाता है कि उसकी कारतूस में गाय और सुअर की चर्बी मिली होती थी। इन कारतूसों को मुंह से काटकर राइफल में लोड करना होता था। यह बात हिंदुओं के साथ-साथ मुस्लिमों की धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ थी। आखिरकार मंगल पांडे ने 29 मार्च 1857 को विद्रोह कर दिया।

# जयंती विशेष 29 मार्च

रंगमंच निर्देशक




## उत्पल दत्त

March 29, 1929 - August 19, 1993

**उत्पल दत्त** *Utpal Dutt* ; जन्म- 29 मार्च, 1929, बारीसाल, पूर्वी बंगाल; मृत्यु- 19 अगस्त, 1993) भारतीय सिनेमा के ऐसे प्रसिद्ध अभिनेता थे, जिन्होंने हिन्दी और बांग्ला फ़िल्मों में अपनी अमिट छाप छोड़ी। एक अभिनेता के रूप में उत्पल दत्त ने लगभग हर किरदार को निभाया। हिन्दी पर्दे पर कभी पिता तो कभी चाचा, कहीं डॉक्टर तो कहीं सेठ, कभी बुरे तो बहुधा अच्छे बने 'उत्पल दा' को दर्शक किसी भी रूप में नहीं भूल सकेंगे।

विज्ञान कॉर्नर

# विभिन्न तत्वों से परिचय

रसायनविज्ञान

वर्ग - 9-10

## तत्व (Element)

### हैफनियम(Hafnium)

संकेत - (symbol) **Hf**

परमाणु संख्या (Atomic no.) -72

समूह (group )-4

आवर्त (period)-6


ब्लाक (block)-d

संयोजकता (valancy)-4

समस्थानिक (isotope)-5

इलेक्ट्रॉनिक विन्यास -[Xe]$4f^{14}$ $5d^{2}6s^{2}$

परमाणु भार (A.weight)-178.49




### खोज

1923,डर्क कोस्टर और जार्ज चार्ल्स

### भौतिक गुण

चमकदार, चांदी ग्रे, टेट्रावेलेंट संक्रमण धातु

### रासायनिक गुण

एसिड के साथ प्रतिक्रियाशील, क्षार के प्रति अप्रतिक्रियाशील

### उपयोग

माइक्रोचिप, टर्बाइन ब्लेड, प्लाज्मा मशाल, फिलामेंट, इलेक्ट्रोड

Anu priya

TOB

# खेल कॉर्नर

## टूटेगा गाबा क्रिकेट स्टेडियम: यहां भारत ने 32 साल से अजेय ऑस्ट्रेलिया को हराया था; 2032 ओलिंपिक के बाद ढहाया जाएगा

## गाबा स्टेडियम के ऐतिहासिक मैच



| मैच | कब | किसने जीता | क्यों खास |
|---|---|---|---|
| IND Vs AUS | 2021 | इंडिया | ऑस्ट्रेलिया को 32 साल बाद इस मैदान में हार मिली |
| WI Vs AUS | 2024 | वेस्टइंडीज | वेस्टइंडीज ने 1997 के बाद ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैच जीता |
| NZ Vs AUS | 1985 | न्यूज़ीलैंड | ऑस्ट्रेलिया में न्यूजीलैंड को पहली टेस्ट सीरीज जीत मिली थी |
| END Vs AUS | 1933 | इंग्लैंड | ऑस्ट्रेलिया को गाबा में पहली टेस्ट हार मिली थी |

Teachers
Of
Bihar

# आओं सीखें

## यश

जब कोई व्यक्ति अपने अच्छे कार्यों, उपलब्धियों या गुणों से प्रसिद्ध हो जाता है और लोग उसकी प्रशंसा करते हैं।

जैसे :

- अच्छे कार्यों से मनुष्य यश प्राप्त करता है।
- उसने अपने परिश्रम से यश अर्जित किया।

## कीर्ति

जब किसी व्यक्ति की ख्याति और प्रतिष्ठा समाज में स्थायी रूप से बनी रहती है, और उसे सम्मान के साथ याद किया जाता है।

जैसे :

- महात्मा गांधी की कीर्ति आज भी संसार में फैली हुई है।
- सच्चे संतों की कीर्ति युगों-युगों तक जीवित रहती है।

संक्षेप में :-

- यश: अधिकतर तत्काल या वर्तमान में प्राप्त होने वाली प्रसिद्धि है।
- कीर्ति : दीर्घकालिक या स्थायी ख्याति और प्रतिष्ठा है, जो समय बीतने के बाद भी बनी रहती है।

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 29.03.2025

## अभिसारी चिंतन

अभिसारी चिंतन, किसी समस्या का एक सही समाधान खोजने की एक प्रक्रिया है. यह आलोचनात्मक सोच का एक रूप है. अभिसारी चिंतन में तर्क और तथ्यों का इस्तेमाल करके किसी समस्या का समाधान निकाला जाता है. यह रोज़मर्रा की ज़िंदगी में और अहम फ़ैसलों के समय ज़रूरी होता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



**यूएई (UAE) जल्द ही दुनिया की पहली अंडरवाटर ट्रेन की शुरुवात करने की तैयारी में है। इस ट्रेन को दुबई से मुंबई के बीच चलाया जाएगा।**

www.teachersofbihar.org

राकेश कुमार


TEACHERS OF BIHAR
Presents
CYBERमंत्र
साईबर शिक्षा से साईबर सुरक्षा
एक मज़बूत पासवर्ड के साथ
अपने कंप्यूटर और अपने
नेटवर्क को सुरक्षित रखें।
शिकायत हेतु :
https://cybercrime.gov.in
विद्यालयी प्रणाली हेतु दिशानिर्देश:
https://ciet.nic.in/pages.php?id=booklet-on-cyber-safetysecurity&ln=en&ln=en
Madhu priya
www.teachersofbihar.org

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

हिन्दी एवं बांग्ला फिल्म के प्रसिद्ध
अभिनेता एवं बेहतरीन कॉमेडियन



# उत्पल दत्त

जी की जयंती पर सादर नमन।

जन्म-29 मार्च 1929
मृत्यु-19 अगस्त 1993

मधु प्रिया